एक नजर में

विश्व रक्तदाता दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान

सीहोर. विश्व रक्तदाता दिवस पर रविवार को जिला चिकित्सालय के ब्लड सेंटर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान नियमित रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में पैथोलॉजिस्ट एवं ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ. यश सक्सेना ने उपस्थित लोगों को नियमित रक्तदान एवं जनजागरूकता की शपथ दिलाकर की. शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया .साथ ही नियमित रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वालों में योगेश उपाध्याय, नवीन सोनी, आकाश राठौर, गोविंद चोपड़ा, संतोष शाक्य, रवि ठकराल, शुभम ठकराल, महक ठकराल, सक्षम ठकराल, हिमांशी अजनानी, नितिन सोनी, प्रियांशी सोनी, श्लोक शिवहरे, सचिन सूर्यवंशी, शाहिल मंसूरी, सतनाम सिंह दुग्गा एवं मुकद्दल फकीरी प्रमुख रहे. कार्यक्रम में डॉ. यश सक्सेना, निर्मल कन्नौरिया, अक्षर मालवीय, जितेंद्र डाबरिया, दानिश मंसूरी, अंशु आर्य एवं राज ठाकुर का विशेष सहयोग रहा.

बजरंग दल ने किया व्यास पीठ का सम्मान

आष्टा. पार्वती नगर स्थित मीरपुर श्री राम जानकी मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का धार्मिक उत्साह के साथ समापन हुआ. इस पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने व्यास पीठ का विशेष सम्मान किया .84 पार्थिव शिवलिंग निर्माण और महात्म्य वर्णनकथावाचक पंडित दीपक शास्त्री जी ने अंतिम दिन पुरुषोत्तम मास के विशेष महत्व पर प्रकाश डाला .श्रद्धालुओं द्वारा 84 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया. कथा विश्राम दिवस पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने व्यास पीठ पर विराजमान श्री दीपक दास शास्त्री जी का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया .धार्मिक आयोजन में विहिप के नगर अध्यक्ष आदित्य जोशी, नगर मंत्री मनीष जाट, सक्रिय कार्यकर्ता अमन गोस्वामी, प्रखंड सहसंयोजक जितेंद्र राठौर, प्रतेश पांडे, कैलाश बैरागी और हरीश प्रजापति सहित नामदेव छीपा समाज के वरिष्ठ जन और सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे.

बाल कल्याण समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रशिक्षण

सीहोर. महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान द्वारा बाल कल्याण समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. विषय विशेषज्ञों द्वारा मिशन वात्सल्य योजना, संवैधानिक ढांचा, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, बच्चों से संबंधित विभिन्न नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों के साथ-साथ किशोर न्याय अधिनियम तथा दत्तक ग्रहण अधिनियम पर जानकारी प्रदान की गई. प्रशिक्षण में समिति अध्यक्ष मानसिंह सेन एवं सदस्य श्रीमती स्वाति श्रीवास्तव द्वारा सहभागिता की गई.

अनुगूंज पहल के अंतर्गत लगा विधिक साक्षरता शिविर

सीहोर. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अनुगूंज पहल के अंतर्गत श्रवण एवं वाक् बाधित समुदाय के लिए जिला न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया. प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने शिविर का शुभारंभ करते हुए संबंधितों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए. प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि अनुगूंज श्रवण एवं वाक् बाधित समुदाय की आवाज को एक नई पहचान दिलाने की पहल है. इसके अंतर्गत प्रत्येक श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्ति की आवाज को एक ऐसा मंच प्रदान किया जायेगा, जिसके माध्यम से उसकी समस्या एवं भावनाएं व्यक्त की जा सकें तथा उसकी समस्याओं का निराकरण भी संभव हो सकें. प्राधिकरण द्वारा संकेतवाणी एप बनाया गया है, जिसमें कोई भी श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्ति संकेत भाषा में वीडियो बनाकर अपनी समस्या बता सकता है. कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मण्डलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश श्रीमती स्मृतासिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल पारे, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, श्रवण एवं वाक बाधित प्रतिभागीगण, स्वास्थ्य विभाग एवं डीआईसी की विशेष टीम, एनआईएमएचआर की टीम, सामाजिक न्याय विभाग की टीम, एनजीओ के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पैनल एवं अन्य अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, खण्डपीठ सदस्य, विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेन्टियर्स उपस्थित थे.

कॉलेज की फीस दो किस्तों में जमा कर सकते हैं विद्यार्थी

सीहोर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने शैक्षणिक सत्र में कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का शिक्षण शुल्क दो किस्तों में जमा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि उन पर आर्थिक बोझ न पड़े. उन्होंने बताया कि एमपी ऑनलाइन काउंटर्स पर विद्यार्थियों को आनलाइन माध्यम से एक साथ पूर्ण शुल्क जमा करने के लिये कहा जा रहा है, जिससे विद्यार्थी असमंजस में पड़ रहे हैं.

चोरों का कहर, बेअसर खाकी के सख्त तेवर

शहर की पॉश एसआर विहार कॉलोनी में सप्ताह में ताले तोड़कर चोरी का दूसरे प्रयास से लोगों में भय

- दिनों दिन बढ़ रही चोरी की वारदातों से आमजन भयभीत
- पूर्व की चोरियों का अब तक नहीं कर सकी पुलिस खुलासा

सीहोर. पाश कॉलोनी में चोरी का प्रयास करने वाले बदमाश सीसीटीवी में कैद हो गए हैं.

नवभारत न्यूज

सीहोर 14 जून. जिला मुख्यालय पर लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. शहर में एक के बाद एक हो रही चोरियों से आम नागरिकों में भय का माहौल है, जबकि पुलिस अब तक कई मामलों में आरोपियों तक पहुंचने में नाकाम नजर आ रही है. हालात यह हैं कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे पॉश कॉलोनियों से लेकर धार्मिक स्थलों तक को निशाना बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं.

ताजा मामला शहर की प्रतिष्ठित और सुरक्षित मानी जाने वाली एसआर विहार कॉलोनी का है. चारों ओर ऊंची बाउंड्रीवॉल से घिरी इस कॉलोनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने सूने मकानों के ताले चटका दिए. कॉलोनी में हुई इस वारदात के बाद रहवासियों में दहशत का माहौल है. लोगों का कहना है कि यदि इतनी सुरक्षित मानी जाने वाली कॉलोनी में भी चोर आसानी से प्रवेश कर चोरी कर सकते हैं, तो शहर के अन्य इलाकों की सुरक्षा का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है.

गौरतलब है कि एसआर विहार कॉलोनी में यह कोई पहली घटना नहीं है. इसी माह 6 जून को भी चोरों ने यहां एक मकान को निशाना बनाया था. एक ही सप्ताह के भीतर दूसरी चोरी की घटना ने पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। रहवासियों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में कोई विशेष सुधार दिखाई नहीं दे रहा है.

शहर में सक्रिय चोर गिरोह अब थाना सीमाओं की भी परवाह नहीं कर रहा है. कोतवाली और मंडी थाना क्षेत्र दोनों ही चोरों के निशाने पर हैं. अलग-अलग इलाकों में लगातार हो रही वारदातों से यह स्पष्ट है कि अपराधियों के मन से पुलिस का भय लगभग समाप्त हो चुका है. शहर के कई क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं बढ़ने के बावजूद पुलिस के हाथ अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं लगी है.

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चोरों ने हाल ही में प्रसिद्ध करौली माता मंदिर को भी नहीं बख्शा. बीते सोमवार को मंदिर परिसर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था. धार्मिक स्थल में हुई इस घटना ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भी झकझोर कर रख दिया है. हालांकि घटना को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है. इससे एक दिन पूर्व रविवार को अवधपुरी माधव स्टेट कालोनी में भी चोरों ने वारदात को अंजाम देने का असफल प्रयास किया था. लगातार हो रही चोरियों के बीच पुलिस के मुखबिर तंत्र की सक्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं. आमजन का मानना है कि यदि मुखबिर तंत्र प्रभावी होता और नियमित गश्त की व्यवस्था मजबूत रहती, तो अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद नहीं होते. शहरवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और चोरों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए.

शिविर का लाभ दिलाना करें सुनिश्चित : डीएम

सीहोर. कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले की सभी तहसीलों एवं जनपदों में 3 दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. इन शिविरों का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है. कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि शिविरों में लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के साथ-साथ 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए. यदि लोक सेवा गारंटी के आवेदनों के निराकरण में बिना उचित कारण के लापरवाही की जा रही है तो इस स्थिति में वरिष्ठ अधिकारी स्वयं उस आवेदन को मंगाकर निराकृत कराएं. इसके साथ ही यह भी देखें कि अधिनस्थ कर्मचारी द्वारा यदि जानबूझकर सेवा देने में विलंब किया गया है तो उस पर कार्यवाही के लिए प्रकरण को वरिष्ठ अधिकारी के पास भेजें.

बिना बिल बेचे बीज तो होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

भैरुंदा 14 जून. जनपद पंचायत कृषि स्थाई समिति की बैठक समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित की गई. जिसमें खरीफ फसल सीजन की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए.

बैइक के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि बाजार में बिक रहे सभी बीजों की निगरानी की जाए. अमानक बीजों को तत्काल प्रभाव से बाजार से बाहर किया जाए और जो दुकानदार किसानों को बिना बिल के बीज विक्रय कर रहे हैं. उनके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. कृषि विभाग द्वारा किसानों को राहत प्रदान करने के लिए जो विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं उनकी सही और पूर्ण जानकारी अंतिम छोर तक के किसानों तक पहुंचाई जाए. साथ ही कृषि विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई.

इस दौरान शासन की ओर से किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के तहत किसानों को स्प्रेयर पंप, स्पाइरल ग्रेड एवं चेपकेटर की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही उड़द प्रदर्शन, मसूर मिनीकीट सूची, नलकूप खनन योजना तथा खरीफ सोयाबीन प्रदर्शन 176 के लक्ष्यों के बारे में चर्चा की गई. कृषि विभाग के द्वारा चलाई जाने वाली बलराम तालाब स्कीम को भी प्रशासकीय स्वीकृति दी गई. बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीएस राज सहित समिति के सदस्य व कर्मचारी मौजूद थे.

आंधी-तूफान से गांवों की विद्युत व्यवस्था प्रभावित

- चंदेरी सहित लगभग दो दर्जन ग्रामों में भीषण बिजली संकट
- व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

बिलकिसगंज 14 जून. बरखेड़ी विद्युत केंद्र से जुड़े लगभग 25 गांवों में आंधी-तूफान के दौरान होने वाले विद्युत फाल्ट से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

ग्रामीणों ने नई चंदेरी स्थित ट्रांसफार्मर के पास प्रदर्शन कर विद्युत विभाग और प्रशासन का ध्यान समस्या की ओर आकर्षित कर आरोप लगाया कि शिकायत के दौरान अधिकारियों द्वारा फोन तक नहीं उठाया जाता, जिससे समस्या और बढ़ जाती है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सीमित स्टाफ और संसाधनों के कारण रात के समय फाल्ट सुधार कार्य में काफी देरी होती है, जिससे घंटों तक बिजली गुल रहती है. ग्रामीणों के अनुसार चंदेरी, नई चंदेरी, पिपलिया, ताकीपुर, शेरपुर, भगवानपुर, बड़नगर, आलमपुरा, बरखेड़ी सहित करीब 25 गांव बरखेड़ी विद्युत केंद्र से जुड़े हुए हैं. शनिवार रात आए तेज आंधी-तूफान के कारण क्षेत्र की विद्युत लाइनों में कई स्थानों पर फाल्ट हो गया था. इसकी सूचना तत्काल बिजली विभाग को दी गई, लेकिन पर्याप्त स्टाफ नहीं होने के कारण बिजली आपूर्ति बहाल करने में काफी समय लग गया. ग्रामीणों का कहना है कि रात की ड्यूटी में एक-दो लाइनमैन ही उपलब्ध रहते हैं. ऐसे में अलग-अलग स्थानों पर एक साथ फाल्ट होने पर समय पर सुधार कार्य संभव नहीं हो पाता. शनिवार रात 8 बजे बिजली बंद हुई, जो तड़के लगभग 3 बजे बहाल हो सकी. ग्रामीणों का कहना है कि यदि लोगों का सहयोग नहीं मिलता तो एक अकेले लाइनमैन के लिए फाल्ट सुधारना बेहद मुश्किल होता.

प्रदर्शन में गोपाल सिंह मेवाड़ा, मांगीलाल मेवाड़ा, शंकरलाल मेवाड़ा, तुलसीराम मेवाड़ा, हीरालाल, करण सिंह, उमराव सिंह आदि उपस्थित रहे.

अस्पताल में संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

- 27 वर्षीय विवाहिता को इलाज के लिए लाए थे अस्पताल
- चिकित्सकों के रेफर किए जाने के बाद पहुंचे थे निजी अस्पताल

नवभारत न्यूज

आष्टा 14 जून. नगर की इंदिरा कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत हो जाने से रविवार को सिविल अस्पताल में हंगामे की स्थिति बन गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थिति को नियंत्रित करते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 15, इंदिरा कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय बसकन्या पति धर्मेंद्र रेकवाल को रविवार दोपहर सिविल अस्पताल लाया गया था. यहां चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया. महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया और अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू हो गया. इस दौरान मृतका के पति ने अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं एवं आवश्यक मशीनें नहीं होने के आरोप लगाए.

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और समझाइश देकर माहौल को शांत कराया. प्रारंभ में परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था, लेकिन पुलिस और अस्पताल प्रशासन की समझाइश के बाद वे इसके लिए राजी हो गए.

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमित माथुर ने बताया कि महिला को शनिवार को भी अस्पताल लाया गया था. ड्यूटी पर मौजूद डॉ. नरेड़ा ने उसकी जांच कर बेहतर उपचार के लिए रेफर करने की सलाह दी थी, लेकिन परिजन बिना सूचना दिए उसे अन्यत्र ले गए. रविवार को पुन: महिला को अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बाहर ले जाने की सलाह दी गई. इसके बाद परिजन उसे एक निजी अस्पताल लेकर गए और बाद में जब वापस सिविल अस्पताल पहुंचे, तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी. पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपते हुए मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

राष्ट्र के निर्माण में बुद्धिजीवियों के सुझाव अहम

नवभारत न्यूज

भैरुंदा 14 जून. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा मंडल के कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव ने संबोधित करते हुए कहा भाजपा का प्रबुद्धजन सम्मेलन केवल आयोजन नहीं हैं. शिक्षाविद, चिकित्सक, अधिवक्ता और वरिष्ठ नागरिक समाज की रीढ़ हैं. राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास में इनके सुझाव अहम भूमिका निभाते हैं.

प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रेस्ट हाउस परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. विधायक भार्गव, निगम अध्यक्ष रवि मालवीय व अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर पौधे रोपे. रवि मालवीय ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम प्रकृति को हरा-भरा करने में अपना योगदान दे सकते हैं. यदि हमारी धरती हरी भरी होगी तो आने वाले समय में हमारी पीढ़ी इसका भरपूर फायदा लगी. इस दौरान भाजपा मंडल के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक रंगोली तैयार कराई गई. इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़,ओम पटेल, लखन यादव, चंद्रकांत खंडेलवाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अनेक नगरवासी उपस्थित थे.

अधिक मास की शिवरात्रि पर अभिषेक

नवभारत न्यूज

सीहोर 14 जून. पुरुषोत्तम मास की शिवरात्रि पर अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर श्रद्धालुओं ने अपने घरों, मंदिरों एवं शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का महाभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चन की.

इस मौके पर कुबेरेश्वरधाम पर भी करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने एक साथ सामूहिक रूप से ऑनलाइन पूर्ण विधि-विधान के साथ महाभिषेक में विशेष पूजा अर्चना की. मंदिर परिसर में विठलेश सेवा समिति की ओर से पं. विनय मिश्रा और समीर शुक्ला ने विप्रजनों के मार्गदर्शन में हजारों की सं या में श्रद्धालुओं के साथ भगवान शिव का पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं अभिषेक किया. मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि अनुसार इस दिव्य अनुष्ठान में 81 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की. भारत सहित अमेरिका, रुस, जापान, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, दुबई, नेपाल, मॉरीशस तथा अन्य अनेक देशों में भक्तों ने एक साथ भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया.

संकल्प को साकार करने निभाएं सक्रिय भूमिका

- जिला भाजपा कार्यालय में हुआ प्रबुद्धजन सम्मेलन
- भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय ने किया संबोधित

नवभारत न्यूज

सीहोर 14 जून. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा जिला कार्यालय में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में चिकित्सा, शिक्षा, विधि, व्यापार, प्रशासन एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की.

सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री एवं मुख्य वक्ता राजो मालवीय ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने बीते 12 वर्षों में विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं. उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक, पारदर्शी शासन और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है. कार्यक्रम में मारूति शिशिर, बाबूलाल पटेल, रिटायर्ड कैप्टन संजय कुलकर्णी, डॉ. अशोक जायसवाल एवं तारा कटारिया सहित अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया. सम्मेलन में वरिष्ठ अधिवक्ता, व्यवसायी, चिकित्सक, सेवानिवृत्त सैनिक, अधिकारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

रथ यात्रा — बलदाऊ और बहन सुभद्रा के संग नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगदीश की रथयात्रा पर बरसाए पुष्प

जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा शहर , श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

नवभारत न्यूज

सीहोर 14 जून. अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी खाती समाज के तत्वावधान में रविवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा एवं चल समारोह का आयोजन किया गया.

जय जगन्नाथ और भगवान जगदीश की जय के उद्घोषों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा. बलदाऊ और बहन सुभद्रा के साथ भगवान जगदीश सुसज्जित स्वर्ण रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले. भोपाल नाका से लीसा टॉकीज मैदान तक लगभग तीन किलोमीटर लंबे मार्ग पर 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से रस्सियों के माध्यम से रथ खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की. शंखध्वनि, मजीरों की गूंज, भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच निकली रथयात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय बना दिया।

चल समारोह में भगवान महाकाल की जीवंत झांकी, भजन गाती महिला श्रद्धालु, हाथों में तिरंगा लिए पूर्व सैनिक तथा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल समाजजन आकर्षण का केंद्र रहे. समाज के महिला-पुरुष और बच्चे आकर्षक पगड़ियां एवं पीले अंगवस्त्र धारण किए हुए नजर आए. पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक और व्यापारिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, वहीं नागरिकों ने भवनों की छतों से भी श्रद्धालुओं पर पुष्प बरसाए.

रथयात्रा के समापन पर लीसा टॉकीज मैदान में सामाजिक सभा आयोजित की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान जगदीश की पूजा-अर्चना और आरती से हुआ. इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र पटेल, अटल अस्पताल संचालक संदीप वर्मा, रमेशचंद्र मुकाती, रघुनाथ वर्मा, नानूलाल कसानिया व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. समारोह में वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का सम्मान भी किया गया.

सहायक प्राध्यापक पद पर डॉ. रेखा नियुक्त

बुधनी. मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में डॉ. रेखा राठौर का चयन सहायक प्राध्यापक पद के लिए हुआ है. उनकी नियुक्ति मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विषय की सहायक प्राध्यापक के रूप में की गई है. डॉ. रेखा राठौर सुरेंद्र सिंह राठौर की पत्नी तथा देवकरण सिंह राठौर की पुत्रवधू हैं. उनके चयन पर परिचितों ने शुभकामनाएं दीं. डॉ. रेखा ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन एवं शोध कार्य के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की. अब वह मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में सेवाएं देंगी.